आकाशवाणी श्री विजयपुरम

13.02.2025 समय : 1850

- आज विश्व रेडियो दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –रेडियो कई लोगों के लिए जीवन–रेखा रहा है।

- परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के अंतर्गत आज ''परीक्षाओं के बीच गैजेट्स की भूमिका तथा छात्रों का उनके स्क्रीन देखने पर अधिक समय बिताना'' विषय पर एपिसोड जारी किया गया।

- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा भारत अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जो वैश्विक स्तर पर ए आई के भविष्य को आकार देने में अपनी भूमिका को मजबूत करेगा ।

- अंडमान निकोबार यातायात पुलिस की ओर से हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए मोटरसाइकिल रैली का आयोजन।

<><><><><><><>

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल तेरह फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। यह रेडियो की विशिष्ट उपयोगिता को याद करने का भी दिन है, जो दुनिया के हर हिस्से में लोगों तक पहुंचता है और उन्हें एकजुट करता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय – रेडियो और जलवायु परिवर्तन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडियो कई लोगों के लिए जीवन–रेखा रहा है। समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक का यह एक शक्तिशाली माध्यम है, जो रचनात्मकता का जश्न मनाता है। विश्व रेडियो दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि लगभग नौ दशकों से आकाशवाणी श्रोताओं तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचा रहा है।

श्री विजयपुरम के आकाशवाणी परिसर में भी विश्व रेडियो दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त प्रभागीय वन अधिकारी भानुप्रताप यादव, आर. जी. टी पब्लिक विद्यालय की प्रधानाचार्या रीता बैनर्जी और थिएटर आर्टिस्ट शेख फारूख आलम विशिष्ट अतिथि थे। भानुप्रताप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि रेडियो लोगों तक जानकारी पहुंचाने का एक सशक्त और विश्वसनीय माध्यम है। आपदा के समय रेडियो एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। रीता बैनर्जी ने कहा कि रेडियो समाज को जलवायु संकट के प्रति सजग और सक्रिय कर सकता है।

<><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ''परीक्षाओं के बीच प्रौद्योगिकी यानी गैजेट्स की भूमिका तथा छात्रों का उनके स्क्रीन देखने पर अधिक समय बिताना'' विषय पर एपिसोड जारी किया। टेक्निकल गुरुजी के नाम से मशहूर गौरव चौधरी और एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने आज प्रसारित तीसरे एपिसोड में छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया। उन्होंने चैटजीपीटी और एआई इमेज–जेनरेशन टूल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी। टेक्निकल गुरुजी ने छात्रों को तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन किया और यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यह उनकी पढ़ाई में बाधा बनने के बजाय उनकी सबसे बड़ी ताकत बने। उन्होंने स्मार्ट स्टडी ऐप्स, डिजिटल नोट्स और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म के लाभों का उल्लेख किया, जिससे

छात्रों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में तकनीक को एकीकृत करने में मदद मिली। राधिका गुप्ता ने एआई, डेटा साइंस और कोडिंग के बढ़ते महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कैसे प्रौद्योगिकी की भूमिका का विस्तार जारी रहेगा, जिससे छात्रों के लिए इसे समझना और सही तरीके से उपयोग करना आवश्यक हो जाएगा। परीक्षा पे चर्चा दो हजार पच्चीस में अतिरिक्त पांच ज्ञानवर्धक एपिसोड दिखाए जाएँगे, जिसमें जीवन और सीखने के आवश्यक पहलुओं पर छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियां एक साथ आएंगी।

<><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत यू पी आई, आधार और डिजीलॉकर जैसे डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना उपायों के माध्यम से प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण में अग्रणी बनकर उभरा है। सोशल मीडिया पोस्ट में सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि इस सफल मॉडल ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है और इसे अपनाने में रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि पेरिस में एआई एक्शन सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रति भारत के व्यापक दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण "एआई फॉर गुड" पर केंद्रित है और उन्होंने सार्वभौमिक एआई पहुंच सुनिश्चित करते हुए सहयोगी वैश्विक शासन ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के रणनीतिक लाभ, मजबूत आईटी पारिस्थितिकी तंत्र, विशाल प्रतिभा पूल और उसकी नवाचार की संस्कृति, वैश्विक एआई परिदृश्य में भारत को विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि एआई शासन में अपने बढ़ते नेतृत्व को मान्यता देते हुए, भारत अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जो वैश्विक स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य को आकार देने में अपनी भूमिका को और मजबूत करेगा।

<><><><><><>

पशुधन के स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा इक्कीसवें अखिल भारतीय पशुधन गणना का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सोलह तरह के पशुओं की दो सौ उन्नीस नस्लों के आंकड़े जुटाए जाएंगे। यह पशुधन गणना राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों के पशुपालन एवं डेयरी विभागों के सहयोग से की जा रही है। इसी सिलसिले में श्री विजयपुरम में पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के निदेशक डॉ. के ए नवीन ने पशुधन गणना के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा मानदंडों का पालन करने के महत्व को सुनिश्चित करने के लिए मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया। यातायात पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार मीना ने श्री विजयपुरम में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को हेलमेट के जीवन–रक्षक लाभों के बारे में जागरूक करना था। रैली में विभिन्न स्कूलों के पचास से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से कल "विभिन्न प्रकार के रक्तस्राव–कारण और उपचार" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। जनरल और मिनिमल एक्सेस सर्जरी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद मुस्तफा पी. पी. विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगी। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।